an>

title: Need to provide adequate compensation to the farmers and to introduce Farmers Health Scheme in the country.

श्री हरिनरायन राजभर (घोसी) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे कुछ किसानों के बारे में कहने का मौका दिया। उत्तर प्रदेश में किसानों की फसल का प्राकृतिक आपदा से जो नुकसान होता है, मात्र इने-गिने गांव के लोगों की ही क्षतिपूर्ति की जा रही है। उनको 100 रुपये और 200 रुपये का चेक दिया जा रहा है। मैं यह कहना चाहूंगा कि पूरे गांव के किसानों का नुकसान हुआ है और उस गांव में मात्र 10 आदमियों की क्षतिपूर्ति की जा रही है, जो एकदम अन्याय है। मैं आपसे मांग करता हूं कि आप यह निर्देश दें कि उस गांव के पूरे किसानों का सर्वे करा कर, सभी लोगों का जितना नुकसान हुआ है, उसकी क्षतिपूर्ति की जाये। मैं आपसे यही मांग करता हूं।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री हरिनरायन राजभर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।